भारत की राष्ट्रपति
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का
राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 145वें कोर्स के पासिंग आउट परेड के अवसर पर सम्बोधन

खड़कवासला, 30 नवम्बर, 2023

राष्ट्रीय रक्षा Academy के 145वें कोर्स के passing out parade के इस समारोह में भाग लेकर मुझे अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। आज इन युवा cadets को देखकर मेरा हृदय गर्व से भर गया है। Cadets का उत्कृष्ट और अनुशासित drill बहुत ही सराहनीय और गौरवान्वित करने वाला है। मैं आज pass out हो रहे सभी cadets को उनके शानदार parade के लिए बहुत-बहुत बधाई देती हूं। मैं पदक प्राप्त करने वाले तीनों cadets और Chief of Staff Banner प्राप्त करने वाली Squadron को विशेष बधाई देती हूँ। मैं उन सभी अधिकारियों और प्रशिक्षकों की भी सराहना करती हूँ जिनके अथक परिश्रम ने cadets की सफलता में बड़ी भूमिका निभाई है। मैं cadets के माता-पिता को भी बधाई देती हूँ जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया और उनको देश-सेवा के लिए खुद को समर्पित करने की प्रेरणा दी।

भारत माता के महान सपूत, मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित, शहीद अरूण खेत्रपाल के नाम पर इस parade ground का नाम रखा गया है। इस नामकरण के मूल में National Defence Academy की वह आदर्शवादी सोच है जो मातृभूमि के लिए सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए प्रेरित करती है। मैं देश प्रेम से ओत-प्रोत इस परंपरा को सुदृढ़ बनाने

के लिए NDA के वर्तमान और पूर्ववर्ती team-members की सराहना करती हूँ।

मुझे बताया गया है कि वर्ष 2022 से NDA में महिलाओं का प्रशिक्षण भी शुरू हो चुका है। आज पहली बार NDA की passing out parade में महिला cadets ने marching contingent के रूप में हिस्सा लिया है। यह दिन सही अर्थों में ऐतिहासिक है। मुझे विश्वास है कि सभी महिला cadets भविष्य में देश का और NDA का नाम नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। आज भी बेटियों को अपनी पसंद का करियर चुनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसलिए सभी महिला cadets को मैं विशेष बधाई देती हूँ। मैं आज pass out होने वाले सभी foreign cadets को भी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। मुझे आशा है कि इस training के दौरान आपने अच्छे मित्र भी बनाए होंगे और आप भारत, खास कर NDA में बिताए ये दिन, हमेशा याद रखेंगे।

प्रिय कैडेट्स,

इस cradle of leadership ने ऐसे महान योद्धाओं को जन्म दिया है जो राष्ट्र की रक्षा में सर्वस्व बलिदान करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस Academy का देश के सर्वोत्तम प्रशिक्षण संस्थानों में विशेष स्थान है और यह सशस्त्र बलों तथा देश के लिए एक सुदृढ़ स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित है। इस Academy से pass out होने वाले सभी अधिकारी देश की अथक सेवा में समर्थ हैं। NDA से प्राप्त किए गए प्रशिक्षण और जीवन-मूल्य आपको जीवन में आगे बढ़ने में सदैव मदद करते हैं। आप सब हमेशा 'राष्ट्र सर्वोपरि है' की भावना के साथ कार्य करते हैं। यही कारण है कि NDA के पूर्व छात्र सर्वोच्च पदों पर कार्यरत हैं। वे अपना कर्तव्य उत्तम रूप से निभा रहे हैं और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

देवियो और सज्जनो,

भारत की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए उसकी सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा आवश्यक है। हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' की परंपरा को मानते हैं, परंतु हमारी सेनाएँ देश की एकता और अखंडता पर चोट पहुँचाने वाली किसी भी बाहरी या भीतरी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं और तत्पर हैं।

प्रिय कैडेट्स,

आप देश के वीर सेनानी हैं। आपको भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए, नयी तकनीकों को सीखकर, उन्हें अपनाते हुए आगे बढ़ना होगा। आपको आपके सीनियर्स के अदम्य साहस और बलिदान को याद रखते हुए देश की सेवा में अग्रसर रहना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप साहस और शौर्य के साथ सशस्त्र सेवाओं के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए हर बाधा का डटकर सामना करेंगे।

अंत में, सभी cadets, विशेषकर पदक विजेताओं को मैं, फिर से बधाई देती हूँ। आप सब के स्वर्णिम भविष्य के लिए मैं अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करती हूँ। आपके हौसलों को नित नई उड़ान मिले तथा आप देश के गौरव को और अधिक बढ़ाएं, यही मेरी मंगलकामना है।

धन्यवाद,

जय हिंद!

जय भारत!